# स्कूलों की मनमानी पर लगेगी रोक

## शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश



**गाडरवारा, देशबन्धु।** हर वर्ष जब स्कूलों का नया सत्र शुरू होता है, उससे पहले ही स्कूल संचालक अपनी मनमानी पर उतारू हो जाते हैं। स्कूल संचालक फीस के रुप में तो मोटे पैसे लेते हैं, साथ ही वह अपनी खास दुकानों से ही बच्चों की वर्दी, कापी-किताब खरीदने के लिए भी अभिभावकों को मजबूर करते हैं। ऐसे में बच्चों के अभिभावकों पर दोहरी मार पड़ रही है। इस पर मध्यप्रदेश के शिक्षा विभाग ने कड़ा संज्ञान लिया है। शिक्षा विभाग का कहना है कि अब स्कूलों की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी।

**जानकारी करनी होंगी सार्वजनिक** × शिक्षा विभाग ने सभी निजी स्कूल संचालकों को आदेश जारी करते हुए कहा है कि अब स्कूलों पर शिकंजा करने का समय आ गया है। हर स्कूल को अपनी फीस स्ट्रक्चर समेत अनेक प्रकार की जानकारियां सार्वजनिक करनी होगी। अभिभावकों को किसी खास दुकान से बच्चों की वर्दी तथा किताबें खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकेगा। यदि कोई स्कूल ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कमेटी रखेगी निगरानी

शिक्षा विभाग की तरफ से जारी पत्र में साफ कहा गया है कि ऐसे स्कूलों पर कार्रवाई तथा निगरानी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी की एक टीम काम करेगी। कोई भी अभिभावक अपने बच्चों के लिए वर्दी और किताब किसी भी दुकान से खरीद सकता है। इसके अलावा सभी चीजों की सार्वजनिक सूची स्कूलों को 31 मार्च तक जारी करनी होगी। इसके अलावा नया शिक्षा सत्र जोकि एक अप्रैल से शुरू होने जा रहा है, उससे पहले निजी स्कूल संचालक किताब के लेखक और प्रकाशक के नाम और किताब का मूल्य कक्षावार लिखकर सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाएंगे। इसके अलावा किसी एक दुकान के लिए अभिभावकों को बाध्य नहीं किया जा सकता। अभिभावक चाहें, जिस दुकान से किताब और वर्दी खरीद सकते हैं।

### एनसीईआरटी की किताब जरूरी

अपने आदेशों में शिक्षा विभाग की तरफ से कहा गया है कि पहली से 12वीं कक्षा तक सभी विषयों की बोर्ड द्वारा निर्धारित एनसीईआरटी की किताबें अनिवार्य रुप से लगवानी चाहिए। यह किताबें किसी भी दुकान पर उपलब्ध होंगी। इन आदेशों का सख्ती से पालन किया जाए, नहीं तो विभाग स्कूल पर कड़ी कार्रवाई करेगा।

# वर्तमान दरों पर प्रापर्टी की रजिस्ट्री कराने चार दिन शेष, सर्वर नहीं दे रहा साथ

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रापर्टी की रजिस्ट्री कराना लोगों के लिए महंगा हो जाएगा। दरअसल एक अप्रैल से नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू हो जाएगी, जिससे प्रापर्टी की दरें बढ़ जाएंगी। इसी वजह से लोग एक दिन पहले ही देर रात से स्लाट बुक करवा रहे हैं और बड़ी उम्मीद से पंजीयन कार्यालय पहुंच रहे हैं।



इतनी मेहनत के बाद भी उनकी प्रापर्टी की रजिस्ट्री समय पर नहीं हो पा रही है। दरअसल अब वर्तमान दरों पर रजिस्ट्री कराने के लिए 27 मार्च से 31 मार्च तक सिर्फ चार दिन शेष रह गए हैं। दस्तावेज रजिस्ट्रर्ड किए जा रहे हैं, इसी के चलते सर्वर ठप हो रहा है। इस वजह से लोगों को रजिस्ट्री कराने के लिए एक से दो घंटे इंतजार करना पड़ रहा है।

पंजीयन कार्यालय पहुंचे नागरिकों ने बताया कि यह कोई नई बात नहीं हैं। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में सर्वर ठप होने की समस्या हमेशा बनती है, लेकिन इस पर विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता।

अब सिर्फ छह दिन का समय बचा हुआ है, लोग अधिक से अधिक संख्या में वर्तमान दरों पर रजिस्ट्री कराने कार्यालय आ रहे हैं। सर्वर में सुधार नहीं होने से उनको परेशान होना पड़ रहा है।

## सार-समाचार

### भगवान श्री झूलेलाल जन्मोत्सव का आयोजन 30 को



**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** जिले में सिंधी समाज के ईष्ट देव भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा, दिनाक 30 मार्च रविवार को भगवान श्री झूलेलाल जन्मोत्सव के दिन समस्त सिंधी समाज के व्यापार, ओर प्रतिष्ठान पूर्ण दिवस बन्द रहेंगे,और जगह जगह निकलेगी भव्य शोभायात्रा ओर भंडारे इस शोभा यात्रा में घोडा बग्घी रथ में भगवान श्री झूलेलाल की प्रतिमा साथ मे चलती हैं । शोभायात्रा में भजन कीर्तन करती हुई सजीव झांकी,झांकियों में बैंड और डीजे ढोल झांकियों में भगवान कृष्ण-राधा,भोले नाथ शंकर,रामभक्त हनुमान व माता रानी के संग अद्भुत झांकियां की सजीव मनोहारी झांकी व अन्य सजीव झांकिया महौल को धार्मिक रूप बना देती है। इसके पहले सिंधी समाज द्वारा जगह जगह डांडियों की धूम मची रहेगी। शोभा यात्रा में आतिशबाजी जगह जगह होती है सिंधी समाज द्वारा शोभायात्रा का स्वागत होता है कुहर ,सेसा, फल-फरुट ,शरबत प्रसाद बांटे जाते है। सिंधी समाज ने अपने अपने घरों को लाईट झालरों से जगमग किया। समाज के लोगों के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों द्वारा भव्य शोभा यात्रा का स्वागत किया जाता है। अंत में समस्त पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कालोनी में तत्पश्चात झूलेलाल की ज्योत बाहरणा साहब को विधि विधान पूजा अर्चना के साथ माँ नर्मदा नदी में विसर्जित की जाती है।

### सेन जागृति संघ की बैठक आयोजित, सेन जयंती पर निकलेगा चल समारोह

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस माल गुजारी मोहल्ला में राजेन्द्र श्रीवास के निवास पर सेन जयंती के आयोजन को लेकर सेन जागृति संघ की बैठक आयोजित की गई । बैठक में उपस्थित पदाधिकारियो एवं सामाजिक बंधुओ ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए कई विषयों पर चर्चा की । जिसमे आगामी 25 अप्रैल को सेन जयंती के 51 वर्ष पूर्ण होने पर नगर में सामाजिक झांकियों के साथ चल समारोह निकाला जाएगा, शक्कर नदी छिड़ाब घाट से चल समारोह प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होकर शनि मंदिर ऑडिटोरियम पहुचेगा वहा पर समापन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश स्तर के सामाजिक बंधुओ को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा, चल समारोह में सेन सामाज के परिवार जन एवं महिलाओं को भी शामिल करना है। आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर में समिति का गठन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक बंधुओ से संपर्क करने के लिए वरिष्ठ जनों की समिति का बनाई गई है। चल समारोह की बेहतर व्यवस्था के लिए समिति गठित की गई है। कार्यक्रम स्थल एवं भोजन व्यवस्था हेतु भी समिति गठित की गई है। बैठक में सभी से अनुरोध किया गया कि आगामी माह में होने वाले जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी सामाजिक बंधु एक जुट होकर एक ऐतिहासिक कार्यक्रम करने में अपना सहयोग प्रदान करे। आयोजन के संदर्भ में आगामी मंगलवार को सेन जागृति संघ की बैठक जाएगी जिसमे पूर्व में हुई बैठक की समीक्षा के साथ आगामी कार्य योजना तैयार कर महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

### जनता की सुविधा के लिए केंद्र सरकार गंभीर : सांसद

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सालीचौका में ओवरब्रिज के निर्माण का सांसद ने आग्रह किया था जी पर रेल मंत्री ने संबंधित निदेशालयों को निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से लोक सभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने दिनांक 18.03.2025 को पत्र के माध्यम से जिला नरसिंहपुर के गाडरवारा सालीचौका रेलवे फाटक पर आरओबी का निर्माण शीघ्र पूर्ण किये जाने का आग्रह किया था। जिसकी कार्यवाही को आगे बढ़ते हुए रेल मंत्री ने संबंधित निदेशालयों को निर्देशित कर दिया है। जिसकी जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र के माध्यम से दी है। गाडरवारा एवं सालीचौका में रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज के निर्माण से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में रेलवे फाटक बंद होने से लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। फाटक बंद होने पर मरीजों और जरूरतमंद लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। एंबुलेंस को भी रुकना पड़ता है, जिससे मरीजों की जान को खतरा बना रहता है। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि ओवरब्रिज बन जाने के बाद रेलवे फाटक पर यातायात का दबाव कम हो जाएगा। लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और आपातकालीन सेवाओं को भी राहत मिलेगी।

# साहू समाज ने मां कर्मा देवी की मनाई 1009वीं जयंती





## मेहंदी पेंटिंग रंगोली, फैंसी ड्रेस, डांस में भाग लेकर किया बच्चों ने कला का प्रदर्शन, दो दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंहपुर साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि मां कर्मा देवी आयोजन समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्यता एवं दिव्यता के साथ बीते 24 , 25 मार्च दो दिवसीय कार्यक्रम को भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जी 1009 वीं जयंती महोत्सव धूमधाम से होटल सावित्री सिग्नेचर नरसिंहपुर में मनाई गई । 24 मार्च सोमवार में बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं भाग लेकर अपनी कला को किया प्रदर्शित।

डांस प्रतियोगिता में अंकिता पिता बालकिशन मां आरती साहू की मनमोहक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। मातृशक्ति के द्वारा भगवान लड्डू गोपाल को अपने-अपने घर से लाकर छप्पन भोग लगाए एवं केक काटा गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को राजू कुल्फी वालों की ओर से आइसक्रीम वितरित की गई थी। दूसरे दिन 25 मार्च में सुबह 9 बजे से विशाल वाहन रैली सुभाष पार्क से बाहरी रोड होते हुये मेन रोड से कार्यक्रम स्थल पर समापन हुआ । रात 8 बजे सर्वप्रथम मां कर्मा देवी जी का पूर्ण विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन आरती वंदन सिग्नेचर प्रांगण में उपस्थित साहू समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों, बुजुर्गों सहित अध्यक्ष पत्रकार मनीष बंटी साहू एवं महिला अध्यक्ष सुमन साहू के साथ पंडित मनीष महाराज के द्वारा कराई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में रंगोली मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को स्व शिव दयाल साहू की स्मृति में संतोष, शैलेश साहू संतोष एजेंसी वालों के द्वारा पुरस्कार दिया, पेंटिंग में स्वर्गीय प्रेमचंद साहू वीडी वालों की स्मृति में मनीष साहू , आर्यन श्रीमती ममता बीड़ी परिवार ने पुरस्कार दिया ,फैंसी ड्रेस मैं स्व. जगदीश साहू की स्मृति में शांतनु दिनेश,गोविंद साहू टपरा परिवार ने पुरस्कार दिया , डांस प्रतियोगिता में स्व. पूर्णिमा साहू की स्मृति में चौधरी चंद्रशेखर साहू ,मोहित, अमीषा की अनुपस्थिति में अध्यक्ष मनीष साहू बंटी के द्वारा पुरस्कार दिया। साहू समाज गौरव सम्मान की बेला में दोनों अध्यक्षयों के द्वारा उनका सम्मान किया गया। सरकारी नौकरी में विभिन्न पदों यूपीएससी परीक्षा में चयनित समाज के युवाओं का प्रशंसा पत्र एवम् स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इसी तरह कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं व स्नातकोत्तर डिग्री में मेघावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

साहू समाज गौरव सम्मान की बेला में दोनों अध्यक्षयों के द्वारा संतोष साहू कमलेश साहू जितेंद्र साहू कमलेश्वर साहू सागर साहू राजकुमार साहू तीरथ सोनू साहू निखिल साहू को साहू समाज गौरव सम्मान की शील्ड को देकर सम्मानित किया गया। अशोक साहू, मंच संचालन के लिए सुरभि मनीष साहू को समिति के अध्यक्ष के द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम स्थल पर भंडारा की व्यवस्था भी समिति के द्वारा रखी गई थी । महिला अध्यक्ष सुमन साहू ने भी वरिष्ठ संरक्षण पदाधिकारियों का फूल माला , शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया ।मां कर्मा देवी आयोजन समिति ने सुबह वाहन रैली यात्रा एवं मां कर्मा महोत्सव में पधारे समस्त साहू समाज का धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम के अंत में कोषाध्यक्ष कमलेश साहू ने आभार व्यक्त किया ।

# आग लगने से गेंहू की फसल जलकर खाक, लाखों का नुकसान



**गाडरवारा, देशबन्धु।** तहसील के सालीचौका के पास ग्राम मारेगांव में बुधवार को गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई। जिससे आग में 32 एकड़ से अधिक क्षेत्र में लगी गेंहू की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। लोगों और फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग तेजी से फैलती रही और गेहूं की खड़ी फसल को जलाती रही। बताया जाता है कि इस आगजनी से किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, किसान छत्तर सिंह जाट की 28 एकड़ और महेश सुरैया सहित अन्य किसानों की जमीन में लगी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। प्रशासन से किसानों को मुआवजे की मांग की गई है।

# रीवा-मुंबई के बीच चलेगी नई स्पेशल ट्रेन, 10 अप्रैल से 12 फेरे, गाडरवारा स्टेशन पर भी रुकेगी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने गर्मियों में यात्रियों की सुविधा के लिए रीवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुंबई) के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का ठहराव गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर भी होगा। यह ट्रेन 10 अप्रैल से 26 जून 2025 तक कुल 12 फेरे लगाएगी। ट्रेन में एसी, स्लीपर और जनरल श्रेणी के कोच होंगे। गाड़ी संख्या 02187 रीवा से हर गुरुवार दोपहर 3:50 बजे रवाना होगी। यह अगले दिन दोपहर 12:20 बजे मुंबई पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02188 मुंबई से हर शुक्रवार दोपहर 1:30 बजे चलकर अगले दिन सुबह 9:45 बजे रीवा पहुंचेगी। ट्रेन दोनों दिशाओं में सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, मनमाड़, नासिक रोड, कल्याण और दादर स्टेशनों पर रुकेगी। यात्री 27 मार्च 2025 से किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र या आईआरटीसी वेबसाइट से टिकट बुक कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए यात्री रेलवे स्टेशन पर संपर्क कर सकते हैं या रेल मदद नंबर 139 पर कॉल कर सकते हैं। साथ ही रेलवे की वेबसाइट पर भी जानकारी उपलब्ध रहेगी।

# अमृत महोत्सव के अंतर्गत व्याख्यानमाला का आयोजन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में 26 मार्च को संविधान के अमृत महोत्सव के अंतर्गत व्याख्यानमाला का आयोजन प्राचार्य डॉ.आरबी सिंह के निर्देशन में राजनीति विज्ञान विभाग में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यावक्ता के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से डॉ.आशारानी सहायक प्राध्यापक को आमंत्रित किया गया। उनके द्वारा संविधान के प्रावधानों के निहितार्थ को आत्मासात करने के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह के द्वारा संविधान के समक्ष चुनौतियों को किस तरह युवा पीढी नई दिशा एवं सामना कर सकती है इस पर विचार व्यनक्त किये गये। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. स्वााति चांदोरकर के द्वारा संविधान को देश की शासन व्यवस्था की धुरी बताया एवं युवा पीढी को अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने के लिए सुझाव दिये गये।

कार्यक्रम की संयोजक प्रो. रीता रावत सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान द्वारा संविधान के अमृत महोत्स व के मनाये जाने के उदेश्यों पर प्रकाश डाला एवं कार्यक्रम के तहत आगामी गतिविधियों को संचालित किये जाने की योजना पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ.चेतना उपाध्यापय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सतीश दुबे, डॉ. प्रमेश शर्मा, एडवाइजर डॉ. मनीष अग्रवाल, डॉ. स्वाति चांदोरकर एवं सभी छात्र छात्राऐं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संचालन में राजनीति विज्ञान से डॉ. दिलीप ग्वायलिया, डॉ. भावना मेहता जनभागीदारी शिक्षक वंदना चौरसिया एवं हेमलता अहिरवार का सहयोग रहा।

# हॉकी अकादमी का प्रशिक्षण शिविर आज से



**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** हॉकी अकैडमी के संस्थापक एवं वरिष्ठ एन आई एस कोच हॉकी राजकुमार चौबे ने बताया कि वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी लक्ष्मी प्रसाद कहार, प्रवीण सिंघई , कोकिला लेवी, अतुल मिश्रा, इलयास खान के मार्गदर्शन में प्रति वर्ष की भाँति स्थानीय ऐतिहासिक हॉकी स्टेडियम ग्राउंड में 27 मार्च से राष्ट्रीय खेल हॉकी के उत्थान एवं प्रोत्साहन, संरक्षित करने हेतु हॉकी की नई पौध बनाने हेतु 5 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक के बालक,बालिकाओं को गहन हॉकी खेल की बारीकियों,खेलने का कौशल के साथ साथ शारीरिक मानसिक रूप से स्वास्थ्य रखने का प्रशिक्षण नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा। नगर के समस्त स्कूल के प्राचार्यों , पी टी आई एवं समस्त नागरिक, नरसिंहपुर खेल विकास संगठन सदस्य से अनुरोध है कि वे अपने स्कूल के कॉलोनी, मोहल्ले घर परिवार के निर्धारित उम्र के बालक बालिकाओं को प्रोत्साहित कर मैदान से जोड़े, प्रातः 6.30 से 8 एवं संध्या 5.15 से 6.45 तक हॉकी स्टेडियम ग्राउंड पर भेजने का सार्थक प्रयास करें एवं हॉकी अकादमी को सहयोग प्रदान करे।

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**भूखण्ड लीज नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रोसरा नरसिंहपुर में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी. -14 श्री प्रेमलाल साहू पिता श्री दिलीप सिंह साहू के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12.03.2016 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन क्रमांक एल.आई.जी.-14 श्री प्रेमलाल साहू पिता श्री दिलीप सिंह साहू ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 12.03.2020 के माध्यम से श्री दुखीलाल जैसवाल पिता श्री छक्कनलाल जैसवाल को विक्रय किया है। श्री दुखीलाल जैसवाल पिता श्री छक्कनलाल जैसवाल द्वारा उक्त भवन क्रमांक एल.आई.जी.-14 उनके नाम लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ दावा मान्य नही होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

र.नं. 3540

मार्केट वॉच गाडरवारा
क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions
पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
• प्राथमिक चिकित्सा उपचार
• आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
• योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
• फैशन डिजायनिंग
• संगणक अनुप्रयोग डीसीए
प्रवेश प्रारंभ
एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883
स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
• आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
• आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
• सायबर कानून
• जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
• संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए